
Nai Dunia (Indore), 07th April 2012, Page-20



# तकनीक से मिली सफलता

## आईआईटी इंदौर में 'फ्लक्सेस' का आयोजन

इंदौर। कॉलेज कैम्पस में आमतौर पर कई प्रतियोगिताएँ देखने को मिलती हैं। आईआईटी इंदौर के विद्यार्थियों का बेहतर ज्ञान और नई तकनीक का प्रदर्शन 'फ्लक्सेस 2012' में देखने को मिला। 7 अप्रैल तक चलने वाले फ्लक्सेस में रोबो वॉर जैसी तकनीकी प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। शुक्रवार को क्विज कॉम्पीटिशन में युवाओं ने अपने ज्ञान के दम पर जीत हासिल की। इसमें युवाओं से देश-विदेश से लेकर हर क्षेत्रों से जुड़े सवाल पूछे गए। इस प्रतियोगिता में आईआईएम इंदौर की टीम प्रथम रही।

कैम्पस लाइव

### रोबो वॉर से लेकर गेम तक

आईआईटी इंदौर में रोबो रेस से लेकर रोबो वॉर जैसी कई प्रतियोगिताएँ हुईं। इसमें रोबो वाटर पोलो कॉम्पीटिशन में कई टीमों ने हिस्सा लिया। गेमिंग कॉम्पीटिशन में कई टीमों के बीच काउंटर स्ट्राइक गेम की कॉम्पीटिशन हुई। भावी इंजीनियरों ने वेस्ट मटेरियल से कई शानदार प्रोजेक्ट भी बनाए। इसमें एलएनसीटी कॉलेज प्रथम रहा।

### हर नई जानकारी से रहे अपडेट

स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड आईटी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. राजकमल और डॉ. माया इंगले उपस्थित थे। मुख्य वक्ता प्रो. एमएन होडा ने कहा कि विद्यार्थियों को आईटी क्षेत्र में रहते हुए हर नई टेक्नोलॉजी से खुद को हमेशा अपडेट रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि टेक्निकल स्किल के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल भी काफी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के जरिए हर जानकारी मिल जाती है, हालाँकि इसका सदुपयोग या दुरूपयोग करना विद्यार्थी पर निर्भर करता है। संचालन प्रो. तर्जनी सेवक ने किया है।

### सीए-सीपीटी के रजिस्ट्रेशन 9 अप्रैल तक

19 जून को होने वाली सीए-सीपीटी के रजिस्ट्रेशन की तारीख 4 अप्रैल थी, लेकिन शासकीय अवकाश होने के कारण रजिस्ट्रेशन की तारीख 9 अप्रैल कर दी गई है। इंदौर ब्रांच सीए शाखा की चेयरपर्सन शीतल जैन ने बताया कि जो विद्यार्थी सीए-सीपीटी में अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं करा सके, वे 9 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।